# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

## वार्षिकोत्सव समारोह 2026 – 2027

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई द्वारा 21 अगस्त, 2026 को कामराज अरंगम, तेनांपेट में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया । माननीय श्री प्रबोध महाजन, अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई एवं उपाध्यक्ष, डी.ए.वी. कॉलेज प्रबंध समिति, नई दिल्ली ने वार्षिक दिवस समारोह की अध्यक्षता की। विद्यालय की माननीया प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता एम. ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का हार्दिक स्वागत किया तथा शैक्षणिक वर्ष 2025–26 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की । रिपोर्ट में कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया । साथ ही विद्यालय के शिक्षकों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया ।

माननीय श्री प्रबोध महाजन ने अपने मुख्य संबोधन में फ़रवरी–मार्च 2026 में आयोजित सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए प्रधानाचार्या को बधाई दी । उन्होंने डी.ए.वी. आंदोलन की गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आंदोलन पिछले 140 से अधिक वर्षों से समाज की सेवा करता आ रहा है । उन्होंने डी.ए.वी. परिवार के प्रत्येक सदस्य को 'आर्य' और 'श्रेष्ठ' बनने का आह्वान किया । उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों से विद्यार्थियों में नागरिक बोध, स्वच्छता एवं प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना विकसित करने तथा उन्हें ज्ञान अर्जित करने के लिए आवश्यक दक्षताओं से संपन्न करने का आग्रह किया । उन्होंने विशेष रूप से कहा कि चरित्र के बिना ज्ञान अभिशाप है । उन्होंने मोबाइल फ़ोन के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह दी और कहा कि मोबाइल फ़ोन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण बच्चों में जिद्दीपन एवं आक्रामकता बढ़ रही है ।

‘विद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों का बहुरंगी दिग्दर्शन’ शीर्षक प्रस्तुति के अंतर्गत विद्यालय एवं प्रधानाचार्या द्वारा प्राप्त विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों को प्रदर्शित किया गया । विद्यार्थियों की अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सह–शैक्षिक एवं खेलकूद के क्षेत्र में प्राप्त विशेष उपलब्धियों को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया । फ़रवरी–मार्च 2026 में आयोजित सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, विद्यार्थियों को शत–प्रतिशत अंक प्राप्त कराने के लिए 12 विभिन्न विषय शिक्षिकाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।

‘रेस्प्लेंडेंस 2026’ सांस्कृतिक कार्यक्रम में दो गौरवपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई । पहली प्रस्तुति भारत माता को समर्पित थी जो बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत ‘वंदे मातरम्’ की 150 वीं वर्षगॉठ के उपलक्ष्य में प्रस्तुत की गई । ‘त्रिवर्ण वंदनम’ नामक इस मनमोहक एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से राष्ट्र के प्रति श्रद्धा और गौरव की भावना को अभिव्यक्त किया गया । ‘तमिऴ़ – दि इटर्नल फ़्लो’ अर्थात् ‘तमिऴ़ – शाश्वत प्रवाह’ नामक दूसरी प्रस्तुति तमिऴ़ को समर्पित थी । इस नृत्य–नाटिका ने दर्शकों को समय की विभिन्न यात्राओं से परिचित कराया तथा मनमोहक दृश्यों, भावपूर्ण संगीत और अद्भुत नृत्य–संयोजन के माध्यम से तमिऴ़ की कालजयी साहित्यिक कृतियों एवं संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की । कक्षा छठी से नवीं तथा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने जीवंत परिधानों, मनमोहक नृत्य–संयोजन एवं शानदार तालमेल से मंच पर अद्भुत ऊर्जा का संचार कर दिया । उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और वार्षिक दिवस समारोह को एक यादगार एवं गौरवपूर्ण अवसर बना दिया ।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

## वार्षिकोत्सव समारोह 2026 – 2027




विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अध्यक्ष श्री प्रबोध महाजन एवं प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता एम.




तमिऴ़ – दि इटर्नल फ़्लो : शानदार नृत्य नाटिका